Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to set up aviation training academy and flying school in Aurangabad and Marathwada region, Maharastra.

श्री सय्यद ईमत्याज **जलील (औरंगाबाद):** सभापति महोदय, मैं आपके जरिए सिविल मिनिस्ट्री से यह दरख्वास्त करता हूं कि औरंगाबाद, जो मराठवाड़ा की राजधानी है, वहां हवाई अड्डा है । हम सरकार से यह अनुरोध करेंगे कि वहां पर एक एविएशन ट्रेनिंग एकेडमी और एक फ्लाइंग स्कूल खोला जाए । यह सभी लोग जानते हैं कि आने वाले वक्त में सिविल एविएशन में बहुत बड़ी बूम आने वाली है, एयरलाइन इंडस्ट्री बहुत ज्यादा ग्रो करने वाली है ।

मैं औरंगाबाद के लिए यह इसलिए मांग कर रहा हूं कि औरंगाबाद और मराठवाड़ा का जो रीजन है, यह बैकवर्ड है । अगर ऐसे बैकवर्ड इलाकों में एकेडमी आती है, तो वहां के लोगों को लाभ मिलेगा । सरकार एक तरफ यह दावा कर रही है कि हम स्किल डेवलपमेंट को बहुत बढ़ावा दे रहे हैं, अगर स्किल डेवलपमेंट के नाम पर ही एक एकेडमी स्टार्ट की जाती है, जहां पर पूरी तरह से टेक्निकल रेक्वायरमेंट, जो सिविल एविएशन के लिए रहेंगी और वह वहां पर प्रोवाइड की जाती है, तो यकीनन वहां के नौजवानों को बहुत ज्यादा फायदा होगा ।